**टिप्पणी: अगर आप उपभोक्ता हैं, तो आपके कुछ वैधानिक अधिकार हो सकते हैं जिन्हें अनुबंध द्वारा संशोधित नहीं किया जा सकता। लाइसेंस की इन शर्तो में किसी भी प्रावधान के कारण इन वैधानिक अधिकारों में इस सीमा तक संशोधन नहीं किया जा सकतेगा जहां तक ऐसे संशोधन लागू होने वाले कानून के कारण स्पष्टत: प्रतिबंधित हों। अगर कानून के तहत लाइसेंस की इन शर्तो के किसी अन्य भाषा में अनुवाद की आवश्यकता है, तो लाइसेंस की इन शर्तो के अंग्रेज़ी संस्करण और उसके किसी अनुवाद में कोई अंतरविरोध या असंगति होने की स्थिति में अंग्रेज़ी संस्करण ही मान्य होगा। अगर लाइसेंस की ये शर्तें आपको अंग्रेज़ी के अलावा किसी अन्य भाषा में दी जाती हैं, तो RIM केवल आपकी सुविधा के लिए ऐसा करती है।**

**BLACKBERRY प्रोज़्यूमर सेवा अनुबंध**

Research In Motion Limited या उसकी कोई संबद्ध कंपनी (“RIM”) को निम्नलिखित सेवाएं आपको उपलब्ध कराने में प्रसन्नता हो रही है**:**

“BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाएं**”** RIM द्वारा RIM उपभोक्ताओं को RIM के BlackBerry स्वत्वाधिकारी सर्वर सॉफ्टवेयर द्वारा प्रदत्त कुछ विशेष क्रियात्मकता प्रदान करने के लिए विकसित और प्रस्तुत सेवाएं हैं, जिसके लिए RIM उपभोक्ताओं को यह सॉफ्टवेयर नहीं लेना पड़ता है। BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं में RIM की **“**BlackBerry इंटरनेट सेवा” शामिल है। BlackBerry इंटरनेट सेवा से उपभोक्ता: (क) कुछ आईएसपी या अन्य तृतीय पक्ष ईमेल खातों को आपके हैंडहेल्ड प्रोडक्ट पर पुश आधारित डिलीवरी के लिए एकीकृत कर सकते हैं; (ख) आपके हैंडहेल्ड प्रोडक्ट के लिए एक डिवाइस आधारित ईमेल पता बना सकते हैं; (ग) कुछ विशेष इंटरनेट सामग्री और सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। BlackBerry इंटरनेट सेवा की ईमेल क्रियामत्कता को “MyEmail”, “BlackBerry इंटरनेट मेल” और/या आपके एअरटाइम सेवा प्रदाता के अनुसार किसी विशिष्ट उत्पाद नाम से भी जाना जाता है। हो सकता है कि सभी या कुछ BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवा (सेवाएं) आपके एअरटाइम सेवा प्रदाता द्वारा समर्थित न हों। कृपया इसकी उपलब्धता के बारे में अपने एअरटाइम सेवा प्रदाता से पता करें।

BLACKBERRY प्रोज़्यूमर सेवाएं आपको **“**सेवाओं**”** के रूप में प्रदान की जा रही हैं जो इस अनुलग्नक द्वारा किए संशोधित रूप में RIM के मानक सॉफ्टवेयर लाइसेंस समझौते (“BBSLA”) की शर्तो के तहत आपके **“**BLACKBERRY समाधान**”** का अंग हैं। यह अनुलग्नक और BBSLA सामूहिक रूप से BLACKBERRY प्रोज़्यूमर सेवाओं और उन सेवाओं के अनुसार आप द्वारा प्रयोग किए जाने वाले सॉफ्टवेयर के लिए **“**समझौता**”** बनते हैं। जब तक यहां कुछ अन्य न निर्दिष्ट किया जाए, तब तक यहां बोल्ड अक्षरों में दी गई सभी शर्तों का वही अर्थ होगा जिस अर्थ में BBSL**A** में बोल्ड अक्षरों में दी गई इन शर्तों का प्रयोग किया गया है। इस अनुलग्नक के साथ BBSLA को आपके एअरटाइम सेवा प्रदाता की BLACKBERRY प्रोज़्यूमर सेवाओं संबंधी वेबसाइट पर दिया गया है। अगर आपने अपनी BLACKBERRY डिवाइस अभी-अभी ली है तो अपनी BLACKBERRY हैंडहेल्ड डिवाइस का प्रयोग करने के लिए आपको जिस सॉफ्टवेयर समझौते से सहमत होना है वह BBSLA का वर्तमान संस्करण ही है। अगर किसी भी कारण से आपको BBSLA का वर्तमान संस्करण नहीं मिलता, तो WWW.BLACKBERRY.COM/LEGAL पर या LEGALINFO@RIM.COM पर RIM से संपर्क करके उसे

प्राप्त किया जा सकता है। अगर इस समझौते की शर्तों के बारे में आपके कोई प्रश्न या शंकाएं हों, तो कृपया LEGALINFO@RIM.COM पर RIM से संपर्क करें।

नीचे दिए गए स्थान में "मैं स्वीकार करता/करती हूं" पर क्लिक करके लाइसेंस की इन शर्तों को सहमति देकर, आप व्यक्तिगत रूप से, या यदि आप अपनी कंपनी या किसी अन्य संगठन की ओर से प्रोज़्यूमर सेवाएं प्राप्त करने के लिए अधिकृत हैं, तो जिस निकाय के लाभ के लिए आप कार्य कर रहे हैं (दोनों ही मामलों में "आप") इस समझौते से बंधने की सहमति दे रहे हैं। कृपया ध्यान दें कि यह समझौता करने के लिए अपने न्यायक्षेत्र के कानूनों के तहत आप व्यस्कता की आयु वाले होने चाहिए। अगर आप वयस्क नहीं हैं, तो BLACKBERRY प्रोज़्यूमर सेवाएं प्राप्त करने के लिए आपके अभिभावक को यह समझौता करना होगा और "अधिकृत प्रयोक्ता" के रूप में आप द्वारा BLACKBERRY प्रोज़्यूमर सेवाओं के उपयोग को अधिकृत करना होगा।

अगर BLACKBERRY प्रोज़्यूमर सेवाओं को सक्रिय करने या प्रयोग करने से पहले, आप तय करते हैं कि आप इस समझौते की शर्तों को सहमति देने के इच्छुक नहीं हैं, तो आपको इन सेवाओं को प्राप्त करने का और इन सेवाओं के संबंध में किसी भी "सॉफ्टवेयर" का प्रयोग करने का अधिकार नहीं है।

**BLACKBERRY प्रोज़्यूमर सेवाओं के लिए विशिष्ट शर्तें**

**1.** **"सेवाओं" की परिभाषा।** किसी संदेह से बचने के लिए, यहां प्रदत्त BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाएं वे सेवाएं हैं जो BBSLA के तहत आपके BlackBerry समाधान का अंग हैं।

**2.** **एअरटाइम सेवा प्रदाता।** BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं को आपके एअरटाइम सेवा प्रदाता द्वारा समर्थित होना चाहिए और इन सेवाओं के लिए अपने एअरटाइम सेवा प्रदाता के साथ आपका समझौता होना चाहिए। BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं के लिए आपको RIM को कोई भुगतान नहीं करना होता; BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं के लिए सभी भुगतान आपके एअरटाइम सेवा प्रदाता को किए जाते हैं। कृपया समर्थन के लिए अपने एअरटाइम सेवा प्रदाता से संपर्क करें क्योंकि RIM अंतिम प्रयोक्ताओं को सीधे समर्थन प्रदान नहीं करता।

**3.** **अनधिकृत उपयोग।** अपनी BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं के किसी अनधिकृत उपयोग के बारे में आपको तत्काल RIM को सूचित करना चाहिए। आप इस बात के लिए भी सहमति देते हैं कि आप BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं का काम करने को बाधित नहीं करेंगे, किसी अन्य अंतिम प्रयोक्ता का पासवर्ड नहीं मांगेंगे, या किसी अन्य प्रकार से इस तरह काम नहीं करेंगे जो किसी अन्य अंतिम प्रयोक्ता द्वारा BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं के उपयोग में बाधा डालता हो।

**4.** **BLACKBERRY प्रोज़्यूमर सेवाओं के प्रयोग पर पाबंदियां/परिवर्तन।** आप सहमत हैं कि RIM, आपको देनदारी के बिना, BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं के आप द्वारा प्रयोग पर पाबंदियां लगा सकती हैं और/या उनमें संशोधन कर सकती है और BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं में परिवर्तन कर सकती है जिनमें ऐसे परिवर्तन शामिल हैं जो BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं की किसी मौजूदा क्रियात्मकता को भौतिक रूप से सीमित या अवनत करते हैं। जब व्यावहारिक होगा, तब RIM इन पाबंदियों और/या उनमें संशोधनों की सूचना BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं की

वेबसाइट पर देने के तर्कसंगत प्रयास करेगी या अन्य प्रकार से आपको BBSLA के अनुसार सूचना देगी। आप BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं का प्रयोग जारी रखने की शर्त के तौर पर इन पाबंदियों का पालन करने के लिए अपनी सहमति देते हैं।

**5.** **<u>गुम/चोरी हुए/हस्तांतरित हैंडहेल्ड उत्पाद।</u>** आपके ईमेल पते को आपके हैंडहेल्ड उत्पाद से संबद्ध करने और ईमेल तथा अन्य डेटा को उस हैंडहेल्ड उत्पाद की ओर निर्देशित करने के लिए आपके हैंडहेल्ड उत्पाद की एक विशिष्ट पहचान संख्या का प्रयोग किया जाता है। अगर आपका हैंडहेल्ड उत्पाद गुम हो जाता है या वह चोरी हो जाता है, या आप अपना हैंडहेल्ड उत्पाद किसी तीसरे पक्ष को हस्तांतरित करते हैं (जिसकी BBSLA और आपके एअरटाइम सेवा प्रदाता के साथ आपके समझौते में अनुमति दी गई है), तो आपको BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं की वेबसाइट पर जाना होगा और तत्काल अपने ईमेल पते को उस हैंडहेल्ड उत्पाद से असंबद्ध कर देना होगा।

**6**. **<u>डेटा को बैकअप करने/मिटाने की आवश्यकता।</u>** जिस सीमा तक लागू होने वाले कानून द्वारा विशिष्ट रूप से प्रतिबंधित किया गया है, उसके अतिरिक्त आपके हैंडहेल्ड उत्पाद को संप्रेषित किसी डेटा के लिए RIM की कोई जवाबदेही नहीं है। RIM अनुशंसा करता है कि आप अपने हैंडहेल्ड उत्पाद पर सभी ईमेल, सामग्री और/या अन्य डेटा का नियमित रूप से बैकअप लें, क्योंकि यह डेटा RIM द्वारा स्टोर नहीं किया जाता। अगर आप अपने हैंडहेल्ड उत्पाद को हस्तांतरित करते हैं (जिसकी BBSLA में अनुमति दी गई है), तो आपको अपने हैंडहेल्ड उत्पाद से समस्त डेटा को मिटा देना चाहिए, और सभी एक्सपेंडेबल मेमोरी को हटा देना चाहिए, अन्यथा यह डेटा उस हैंडहेल्ड उत्पाद को प्राप्त करने वाले व्यक्ति को उपलब्ध हो जाएगा।

**7.** **<u>अवैध या अनुचित प्रयोग।</u>** जैसा कि BBSLA में अधिक विस्तार से बताया गया है, आप BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं या अपने BlackBerry समाधान का किसी भी अवैध या अनुचित उद्देश्य से प्रयोग नहीं करेंगे, जिसमें बिना किसी सीमा के, किसी भी प्रकार की स्पूफिंग, फिशिंग, स्पैमिंग, उत्पीड़न या कॉपीराइट का उल्लंघन शामिल है। BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं का प्रयोग करते समय सभी लागू होने वाले कानूनों और विनियमों का अनुपालन करने के लिए आप ज़िम्मेदार हैं। अगर BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं का प्रयोग इस प्रकार किया जाता है जिसे RIM द्वारा इस समझौते का उल्लंघन माना जाता है, तो RIM या उसके अभिकर्ता, कोई भी जवाबी कार्रवाई जिसे वे उचित समझते हैं, कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए बाध्य नहीं हैं। ऐसी कार्रवाइयों में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं लेकिन ये काईवाइयां इन्हीं तक सीमित नहीं है, सामग्री को अस्थाई या स्थाई रूप से हटाना, इंटरनेट संप्रेषणों को रोकना या आंशिक रूप से रोकना और BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं तथा इस समझौते को संपूर्ण रूप में या उसके किसी भाग को तत्काल निलंबित करना या रद्द कर देना। ऐसी किसी जवाबी कार्रवाई के लिए RIM किसी भी रूप में उत्तरदायी नहीं होगी। उपरोक्त वर्णित कार्रवाइयां RIM के एकमात्र उपाय नहीं हैं और RIM कोई अन्य कानूनी, निष्पक्ष या तकनीकी कार्रवाई कर सकती है जिसे वह उचित समझती है।

**8.** **<u>"जैसा है" और "जैसा उपलब्ध है" और मिशन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उद्देश्यों के लिए नहीं।</u>** BlackBerry एंटरप्राइज़ सॉफ्टवेयर के विपरीत, BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाएं डेटा संप्रेषणों को एन्क्रिप्ट नहीं करती हैं। जैसा कि BBSLA में अधिक विस्तार से बताया गया है, वायरलेस सेवाएं विफलता से मुक्त नहीं हैं और मिशन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उद्देश्यों के लिए या ऐसे अनुप्रयोगों के लिए इनका प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए जिनमें

विफलता से मुक्त नियंत्रणों की आवश्यकता होती है; और लागू होने वाले कानूनों द्वारा अनुमन्य सीमा तक, जैसा कि BBSLA में अधिक विस्तार से बताया गया है, BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाएं "जैसा है" और "जैसा उपलब्ध है" के रूप में प्रदान की जाती हैं। RIM यह गारंटी नहीं दे सकता और नहीं देता है कि BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाएं निरंतर, निर्बाध, समयबद्ध, सुरक्षित या त्रुटिहीन रहेंगी। RIM रखरखाव करने, या अन्य कारणों से बीच-बीच में सॉफ्टवेयर की गड़बड़ियां ठीक करने, अपडेट इंस्टाल करने और BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं का निदान तथा रखरखाव करने के लिए BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं का प्रयोग निलंबित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जिससे कुछ समय के लिए BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाएं प्रदान करने की RIM की क्षमता सीमित हो जाएगी।

**9.** <u>**तृतीय पक्ष साइटें, सॉफ्टवेयर, सेवाएं और सामग्री।**</u> आप स्वीकार करते हैं और सहमति देते हैं कि BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं से आपको तृतीय पक्ष सामग्री, तृतीय पक्ष वेबसाइटों, तृतीय पक्ष सॉफ्टवेयर और तृतीय पक्ष सेवाओं का प्रयोग कर सकते हैं, जिसमें बिना किसी सीमा के, ऐसी तृतीय पक्ष ईमेल सेवाएं शामिल हैं जिनका प्रयोग आप BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं के माध्यम से करते हैं। जैसा कि BBSLA में अधिक विस्तार से बताया गया है, आप स्वीकार करते हैं और सहमति देते हैं कि BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं का प्रयोग करने के माध्यम से आप जिन तृतीय पक्ष सामग्री, तृतीय पक्ष वेबसाइटों, तृतीय पक्ष सॉफ्टवेयर और तृतीय पक्ष सेवाओं का प्रयोग करते या प्राप्त करते हैं उनके लिए RIM की कोई जवाबदेही नहीं है, और इंटरनेट पर किए जाने वाले किसी भी अनुबंध के लिए आप ज़िम्मेदार होंगे। BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं का प्रयोग करते समय आप जिन तृतीय पक्षों से संपर्क करें उनके सामने अपने या दूसरों के बारे में निजी सूचनाओं को प्रकट करने में सावधानी बरती जानी चाहिए।

**10.** <u>**निजी सूचना संकलित करने की सहमति।**</u> निजी सूचना संकलित करने के बारे में BBSLA में दिए गए प्रावधानों के अतिरिक्त, आप तृतीय पक्ष ईमेल सेवाओं से संबंधित आपकी निजी सूचनाएं संकलित करने, प्रयोग करने और भंडारित करने के लिए RIM को तब तक के लिए अधिकृत करते हैं जब तक RIM इसे आवश्यक समझता है (लेकिन लागू होने वाले कानून द्वारा स्वीकृत सीमा से अधिक समय तक नहीं), जिसमें बिना सीमा के शामिल हैं, आपके प्रत्येक तृतीय पक्ष ईमेल सेवा खाते के लिए आपकी यूज़र आईडी और पासवर्ड, तथा एक्टिवेशन, बिलिंग, प्रदान करने, रखरखाव और डिएक्टिवेशन के उद्देश्यों के लिए लागू होने वाले तृतीय पक्ष ईमेल सेवा प्रदाताओं को इनकी जानकारी देना।

**11.** <u>**टकराव।**</u> अगर इस अनुलग्नक के किन्हीं भी नियम व शर्तों का BBSLA या BBSLA के किसी अन्य अनुलग्नक या संशोधन से टकराव होता है, तो विसंगति की सीमा तक ये नियम व शर्तें मान्य होंगी, लेकिन केवल BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं पर लागू होने के संबंध में ऐसा होगा।

मैंने इस अनुलग्नक और BBSLA समेत इस समझौते को पढ़ लिया है और मैं इस अनुलग्नक और BBSLA में वर्णित नियम व शर्तों के अनुसार BlackBerry प्रोज़्यूमर सेवाओं के लिए समझौता करने के लिए तैयार और अधिकृत हूं।

मैं स्वीकार करता/करती हूं                मैं स्वीकार नहीं करता/करती हूं